हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 मार्च 2026

11 उत्कृष्ट कार्य व कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिसकर्मी...



12 सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित चालान काट...



Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh
RPS GROUP OF COLLEGES
Where Dreams come True
COURSES OFFERED
B.Sc. | B.Sc. (Hons.) | M.Sc. | B.A. | M.A.
M.Sc. | MBA | BBA | BCA | B.Tech. | M.Tech.
Polytechnic | B.V.Sc. & A.H. | VLDD
1st POSITION
MAMTA D/O SH. RAJENDER
Our Toppers of Indira Gandhi University 2026 - B.Sc. (Honors) Physics 5th Sem.
2nd POSITION POOJA D/o Sh. Kuldeep
3rd POSITION JYOTI D/o Sh. Krishan
4th POSITION RITIKA D/o Sh. Pawan
5th POSITION ANSHU D/o Sh. Brahm Prakash
6th POSITION ARYAN S/o Sh.Rajesh
9th POSITION AASTHA D/o Sh. Dharamveer
10th POSITION PRIYA D/o Sh. Bijender
Total 8 OUT OF 10 University Positions
ADMISSIONS OPEN : 2026-27
BUS FACILITY UPTO 80 KMS
WORLD CLASS HOSTEL FOR BOYS & GIRLS (AC/ NON-AC)
8th Mile Stone Balana, Mahendergarh, Haryana (NCR)
01285-241430/1/2, 8222888337/8, 8222999153

## हैफेड गोदाम से 4.12 करोड़ की 5531.60 क्विंटल सरसों व 11 लाख रुपये कीमत का बारदाना गायब

### हैफेड जिला प्रबंधक ने गोदाम इंचार्ज फील्ड इंस्पेक्टर पर जताया शक, फील्ड इंस्पेक्टर ड्यूटी से नदारद

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

हैफेड के कनीना क्षेत्र के उन्हाणी गोदामों में सरसों व बारदाना स्टॉक में भारी गड़बड़ी मिली है। जहां तक सरसों की बात करें तो 5531.60 क्विंटल सरसों गायब होने से 4 करोड़ 12 लाख 44 हजार 793 रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं 11 लाख 24 हजार 782 रुपये का बारदाना भी नहीं मिला है। इस तरह सरसों व बारदाना की कमी के कारण हैफेड को 4 करोड़ 23 लाख 69 हजार 575 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके पीछे वहां कार्यरत फील्ड इंस्पेक्टर (स्टोर) का नाम सामने आया है। इस बारे में हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने एसपी को लिखित शिकायत दी है। इस शिकायत पर केस दर्ज होने के बाद बुधवार को इकोनॉमिक सेल टीम उन्हाणी गोदाम पर पहुंची और जांच शुरू की।

शिकायत के मुताबिक आरएमएस-2025 के दौरान सरसों खरीद से संबंधित स्टॉक, जोकि अप्रैल 2025 से जून 2025 तक हैफेड कॉम्प्लेक्स उन्हाणी (कनीना) के गोदामों में स्टॉक किया गया था। इस स्टॉक की सुरक्षा वहां कार्यरत फील्ड इंस्पेक्टर (स्टोर) ऋषि देव की थी। कार्यालय रिकॉर्ड के अनुसार उनके पास कुल 1 लाख 31 हजार 635.50 क्विंटल सरसों थी जोकि 45 किलोग्राम बीटीविल बारदाना के कुल 2 लाख 95 हजार 483 बैगों में पैक था, का स्टॉक था।

- 12 मार्च को ऑफिसली तौर पर अलवर व कोटा की दो ऑयल इंडस्ट्रीज को 2600 क्विंटल सरसों देने का आर्डर किया था जारी
- इस इंडस्ट्रीज के कारिंदों ने जब दो ट्रकों में लोड करवाई 1680 बैग सरसों, तब गोदाम में स्टॉक कम दिखने व बिखरा होने की अधिकारियों के समक्ष जताई थी शंका



नारनौल। उन्हाणी गोदाम पर जांच के लिए पहुंचे इकोनॉमिक सेल इंचार्ज युद्धवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### यूं पकड़ में आया मामला

हैफेड जिला कार्यालय की ओर से इसी माह में छह मार्च को दो आरओ मैसर्ज महेश एडिबल एग्रो इंडस्ट्रीज अलवर और मैसर्ज महेश एडिबल ऑयल मैन्युफैक्चरर प्रा.लि. कोटा को हैफेड कॉम्प्लेक्स उन्हाणी (कनीना) से 2600 क्विंटल प्रत्येक आरओ सरसों की डिलीवरी हेतु जारी किए गए थे। छह दिन बाद 12 मार्च को उक्त पार्टी के प्रतिनिधि हैफेड कॉम्प्लेक्स उन्हाणी से सरसों लिफ्ट करने आए और दो वाहन (एक में 900 बैग व दूसरे में 780 बैग) लोड करने के बाद उन्होंने कार्यालय को टेलीफोन से सूचित किया कि अधिकांश स्टॉक ढेर में बिखरे पड़े है और कुछ बैग कटे-फटे हैं, जिससे डिलीवरी के लिए मात्रा कम हो सकती है। इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत मौके का दौरा किया। संबंधित स्टोर कीपर फील्ड इंस्पेक्टर ऋषि देव को मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल नहीं उठाई और बाद में मोबाइल बंद कर दिया। उसके बाद केंद्र प्रभारी वीरेंद्र कुमार को भी गोदामों पर बुलाया गया। गोदाम में स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं था और स्टॉक की डिलीवरी सुरक्षा गार्ड द्वारा की जा रही थी।

### गोदामों में 2070 क्विंटल सरसों उपलब्ध

12 मार्च तक यहां स्टॉक में से कुल 1 लाख 24 हजार 33.90 क्विंटल सरसों जोकि 280281 बैगों के रूप में, निजी पार्टियों तथा एचओएम रेवाड़ी एवं नारनौल को डिलीवरी की जा चुकी थी। ऐसे में कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित गोदामों में 7 हजार 601.60 क्विंटल (करीब 16892 बैग) सरसों शेष होना चाहिए था। भौतिक सत्यापन के दौरान संबंधित गोदामों में करीब 2070 क्विंटल सरसों (करीब 4600 बैग) ही उपलब्ध पाई गई। इस तरह सरसों में करीब 5531.60 क्विंटल (करीब 12292 बैग) की कमी पाई गई है। हैफेड अधिकारियों की भौतिक सत्यापन के अनुसार 5531.60 क्विंटल सरसों नहीं मिली है। इसकी अनुमानित लागत 4 करोड़ 12 लाख 44 हजार 793 रुपये बन रही है।

### बारदाना में भी गड़बड़ी, 13654 बैग मिले कम

कार्यालय रिकॉर्ड के अनुसार एटविल (50 किलोग्राम पैकिंग) बारदाना 187469 बैग (374 बेल व 469 लूज बैग) तथा बीटीविल (45 किलोग्राम पैकिंग) बारदाना का 70185 बैग (140 बेल व 185 लूज बैग) होना चाहिए था, लेकिन मौके पर एटविल बारदाना 186500 बैग (373 बेल) और बीटीविल बारदाना 57500 बैग (115 बेल) मिला। इस तरह एटविल बारदाना 969 बैग (1 बेल व 469 बैग) कम पाए गए, जिसका अनुमानित मूल्य 91 हजार 842 रुपये है। वहीं बीटीविल बारदाना 12685 बैग (25 बेल व 185 बैग) कम पाए गए, जिसका अनुमानित मूल्य 10 लाख 32 हजार 940 रुपये है।

## खबर संक्षेप

### अटेली में छापा मारकर 11 सिलेंडर किए जब्त

**मंडी अटेली।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने अटेली कस्बे में बुधवार को छापा मारकर अवैध रूप से होटल, ढाबों पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने वालों को दबोचा। खाद्य आपूर्ति टीम को देखने पर हड़कंप मच गया। टीम ने अटेली क्षेत्र में 11 घरेलू गैस सिलेंडर पकड़े। यह कार्रवाई व्यापारिक प्रतिष्ठान, होटल ढाबों पर की गई। खाद्य आपूर्ति की टीम इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, सब इंस्पेक्टर हरिप्रकाश, मनीश गुर्जर, कान्हाराम शामिल रहे।

### विक्रमी संवत 2083 पर हवन आज

**कनीना।** हिन्दू नववर्ष 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। जिसकी खुशी में हिंदू संगठनों की ओर से हवन का आयोजन कर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा तथा घरों में मीठे पकवान बनाए जाएंगे। हेमंत मुनि ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से विक्रमी संवत 2083 का शुभारम्भ होगा। इस हिन्दू नूतन वर्ष पर समारोह में पहुंचने वाले नागरिकों को चंदन तिलक भी लगाया जाएगा।

### हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को

**नारनौल।** शहर के प्रसिद्ध श्री कड़िया वाले बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव दो अप्रैल को मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी आचार्य नरेंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान बालाजी को 71 मन प्रसाद का भोग अर्पित किया जाएगा। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर से लेकर रात्रि तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### कनीना में मृत अवस्था में मिला व्यक्ति

**कनीना।** कनीना में शीशे बेचने की दुकान पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मृत मिला है। जिसकी पहचान नरेश कुमार 45 वर्ष वासी डबवाली, जिला सिरसा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह काम करने के मकसद से कनीना आया था, जो बीती रात्रि नशे में था। सुबह होने पर वह मृत अवस्था में मिला है।

### खेड़ी गांव में खेल प्रतियोगिताएं 26 को

**मंडी अटेली।** गांव खेड़ी 26 मार्च को बाबा रामसुख दास की स्मृति में मेले का आयोजन किया जाएगा। बाबा की समाधि एवं नव निर्मित गुंबद का विधिवत अनावरण होगा। इस मेले विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिनमें बच्चों, युवाओं, लड़कियों व बुजुर्गों के लिए अलग अलग वर्ग बनाए गए हैं।

*गैस एजेंसियों पर एसडीएम का एक्शन :* एजेंसी संचालकों को दिए कड़े निर्देश

## औचक निरीक्षण में खुली अव्यवस्था की पोल, गांवों में ठप पड़ी सप्लाई पर सख्ती

***लंबी कतारों में परेशान उपभोक्ताओं की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में रसोई गैस आपूर्ति को लेकर चल रही अव्यवस्था पर प्रशासन ने आखिरकार सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। बुधवार को एसडीएम अनिरुद्ध यादव आईएएस ने महेंद्रगढ़ रोड स्थित इंडियन गैस एजेंसी और बहादुर सिंह तालाब के पास एचपी गैस एजेंसी पर औचक निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जो स्थिति सामने आई, उसने गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए। निरीक्षण के दौरान एजेंसियों पर लंबी कतारों में खड़े उपभोक्ताओं ने एसडीएम के सामने अपनी परेशानी खुलकर रखी। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने बताया कि कई दिनों से गांवों में गैस वितरण नहीं हो रहा है। गैस वितरण वाहन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे। जिससे लोगों को मजबूरी में शहर में आकर घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बार-बार बुकिंग के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा, जिससे घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। इस पर एसडीएम ने मौके पर ही एजेंसी संचालकों से जवाब तलब किया।

*दो गैस एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण:* हरिभूमि से बातचीत में एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने बताया कि आज दो गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एजेंसियों में कार्य नियमानुसार चलता पाया गया। लेकिन लाइन में लगे नागरिकों से बातचीत करने पर सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी दूरी तय करके गैस लेने आना पड़ रहा है। इस पर उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि गांवों में तुरंत गैस वितरण वाहन भेजे जाएं, ताकि लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इसके बावजूद नागरिकों को गैस वितरण में कोई समस्या आती है तो जिला प्रशासन नागरिकों के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान करेगा।





नारनौल। लाइन में लगे गैस उपभोक्ताओं से बातचीत करते एसडीएम व गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण करते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम बोले...किसी भी हाल में बहाल करें सप्लाई

स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने एजेंसी संचालकों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तुरंत प्रभाव से गैस सप्लाई बहाल की जाए। यदि वाहनों की कमी है तो बाहर से वाहन किराए पर लेकर भी सप्लाई सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में आम जनता को परेशान नहीं होना चाहिए। एसडीएम ने दो टूक कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गैस की कमी नहीं होने देंगे, प्रशासन है सख्त

एसडीएम ने कहा कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि वे स्टॉक और वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाएं। उपभोक्ताओं से भी कहा है कि घबराकर बार-बार गैस बुकिंग न करें। केवल एक बार बुकिंग करें और ओटीपी का इंतजार करें क्योंकि बार-बार बुकिंग करने से सर्वर पर दबाव बढ़ता है और सिस्टम में दिक्कत आती है।

### कालाबाजारी पर सख्त चेतावनी सूचना दें, कार्रवाई होगी

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कालाबाजारी के मुद्दे पर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने साफ कहा कि यदि कोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से कहा कि यदि उन्हें कहीं भी गैस की कालाबाजारी या अनियमितता नजर आती है तो तुरंत इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### डीसी बोले...डिलीवरी में 2 से 3 दिन से अधिक की देरी नहीं हो

डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को सुचारू रखने के कड़े आदेश दिए हैं। प्रशासन की ओर से तय की गई नई समय सीमा के अनुसार बुकिंग होने के बाद किसी भी सूरत में डिलीवरी में दो से तीन दिनों से अधिक की देरी नहीं होनी चाहिए। सभी गैस एजेंसी संचालकों को इन आदेशों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई है। यदि कोई भी गैस एजेंसी इन नियमों का उल्लंघन करती है या जनता को असुविधा पहुंचाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने आश्वस्त किया है कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। 17 मार्च 2026 को सांय पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास कुल 9980 गैस सिलेंडरों का भंडार उपलब्ध था। पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न संयंत्रों से जिले में 5718 नए सिलेंडर प्राप्त हुए, जबकि उपभोक्ताओं को 5575 सिलेंडरों का वितरण सफलतापूर्वक किया गया है।



महेंद्रगढ़। रेस्ट हाउस में बैठक करते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

## फाइलों में दबी 'लाल डोरा' मालिकाना हक योजना, हजारों परिवार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा लाल डोरा क्षेत्र के निवासियों को जमीन का मालिकाना हक देने के लिए शुरू की गई संपत्ति प्रमाण पत्र योजना महेंद्रगढ़ नगर पालिका की सुस्ती की भेंट चढ़ गई है। शहर का अधिकांश हिस्सा लाल डोरा में होने के बावजूद, प्रशासन ने अब तक एक भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है, जिससे स्थानीय जनता में गहरा रोष है।

*जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा:* इस गंभीर मुद्दे को लेकर मंगलवार देर शाम स्थानीय सार्वजनिक विश्राम गृह में नगर पालिका की वाइस चेयरमैन मंजू कौशिक और विभिन्न पार्षदों की एक अहम बैठक हुई। बैठक में पार्षद राजेश सैनी, सुखबीर यादव, देवेंद्र उर्फ सोनू सैनी, सुखबीर सैनी, सुरेंद्र फौजी, भतेरी देवी, ममता सोनी व अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने दो टूक कहा कि स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण लोग अपने हक के लिए भटक रहे हैं। वार्ड नंबर छह के पार्षद राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पात्र लोगों की सूची उपायुक्त को सौंपी थी, जो नगर पालिका को भेजी जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। टोहाना जैसे अन्य शहरों में यह योजना सफलतापूर्वक लागू हो चुकी है। सरकार की योजना के अनुसार सरकार अब 10 वर्ष पुराने बिजली, पानी बिल, शपथ पत्र, सेल डीड या कोर्ट डिक्री के आधार पर 'संपत्ति प्रमाण पत्र' जारी कर रही है, जिससे लोग अपनी जमीन की रजिस्ट्री करा सकेंगे।

### बार काउंसिल चुनाव संपन्न

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन में बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के मेंबर के चुनाव के तहत मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जानकारी के अनुसार कुल 955 मतदाताओं में से 731 मत डाले गए। मतदान के लिए बनाए गए दोनों बूथों पर भी अच्छी भागीदारी देखने को मिली। बूथ नंबर एक पर कुल 480 मतदाताओं में से 370 मत पड़े, जबकि बूथ नंबर दो पर कुल 475 मतदाताओं में से 361 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। पूरे मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति व अनुशासन बना रहा तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



नारनौल। सीएम से मिलते विधायक ओमप्रकाश यादव।

### विधायक ने की सीएम से मुलाकात

**नारनौल।** विधायक ओमप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में व्यापार मंडल के सदस्यों, सिहमा गांव के सरपंच व उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पर सीएम से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मुद्दों व जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रही। सभी ने क्षेत्र के विकास व जनकल्याण से संबंधित सुझाव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।


पालकी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, नवरात्रि 27 मार्च को होगा समाप्त

## आज से हिंदू नववर्ष व नवरात्रि का प्रारंभ, मां शैलपुत्री की होगी आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

वैसे तो हम नए साल की शुरुआत अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से एक जनवरी से कर लेते है। परंतु अपना हिंदू नववर्ष उस दिन से नहीं, बल्कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है, जो साल का पहला दिन होता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया की इस वर्ष हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत 2083 का प्रारंभ 19 मार्च से हो रहा है। इस संवत का नाम रौद्र और सिद्धार्थ रहेगा। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार ब्रह्म पुराण में इस बात का वर्णन मिलता है कि भगवान विष्णु ने सृष्टि के निर्माण का कार्य ब्रह्म देव को सौंपा था, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली प्रतिपदा तिथि पर ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इसलिए इस तिथि को विशेष महत्व दिया जाता है और इसे हिंदू नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस बार नवरात्रि के पहले दिन ही बहुत से शुभ योगों का संयोग बन रहा हैं। आज शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि योग उपस्थित रहेंगे, ये तीनों ही योग बेहद शुभ शुभकारी माने जाते हैं। ऐसी मान्यता है इस समय में देवी के आराधना से हर मनोरथ की पूर्ति होती है।



### इस नवरात्रि माता का वाहन पालकी रहेगा

राहुल भारद्वाज ने बताया कि वैसे तो माता रानी सिंह (शेर) की सवारी करती हैं, लेकिन नवरात्र में धरती पर आते समय उनकी सवारी बदल जाती है। मां जगदंबे की सवारी नवरात्र के प्रारंभ होने वाले दिन पर निर्भर करती है। इस बार नवरात्रि का प्रारंभ वीरवार से हो तो मां दुर्गा डोली (पालकी) पर सवार होकर आती हैं। डोली पर मां दुर्गा का आगमन कई बार समाज में कुछ उतार-चढ़ाव या हलचल का संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि इस साल के दौरान परिस्थितियों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। माता दुर्गा के पालकी पर आने का अर्थ वैसे अशुभ मना जाता है। यह देश-दुनिया में महामारी, बीमारी का भी संकेत होता है। इसके साथ ही व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए भी यह शुभ संकेत नहीं होता है।

### ये रहेगा नवरात्रि में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए (घटस्थापना) कलश स्थापना की जाती है। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 7:00 बजे से सुबह 8:02 बजे तक रहेगा। इसके बाद अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:09 बजे से दोपहर 12:58 बजे तक रहेगा। कलश स्थापना के साथ ही इस दिन जौ भी बोए जाते हैं, जो कि जीवन में वृद्धि और सफलता का संकेत लेकर आते हैं।

*चैत्र मास के नवरात्रि भी होंगे प्रारंभ :* हिंदू नव वर्ष के साथ-साथ चैत्र मास के नवरात्रि भी प्रारंभ हो जाएंगे, जो 19 मार्च से प्रारंभ होने और 27 मार्च को इनका समापन होगा और प्रतिप्रदा तिथि एक ही दिन रहेगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के इन दिनों में मां दुर्गा शक्ति की नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा आराधना की जाती है, जिसमे मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, माता सिद्धिदात्री की उपासना होती है। नवरात्र में माता के साधक भगवती में आस्था रखने वाले भगत माता के व्रत और उपासना करते है। इन दिनों में दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा व माता के विभिन्न स्त्रोत का पाठ किया जाता है। प्रथम नवरात्रि को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की आएगी। मां शैलपुत्री का जन्म पर्वतराज हिमालय की पुत्री के रूप में हुआ। इसलिए इनका नाम शैलपुत्री पड़ा।



# विक्रम संवत 2083 प्रारंभ : जानें क्या है खास
# गुरु-मंगल की जोड़ी किसका करेगी बेड़ा पार

गुरुवार से 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पावन दिन हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जबकि इस संवत का नाम 'रौद्र संवत्सर' रखा गया है। हिंदू नववर्ष सनातन परंपरा का बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए यह दिन नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत होती है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था और यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है।

## आज शुरू होगा हिंदू नववर्ष

*देश में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर।*

## यह रहेगा प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार जब बृहस्पति राजा होते हैं तो धर्म, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आती है। इस साल एक खास संयोग भी बन रहा है। मीन राशि में सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि का चतुर्ग्रही योग, जो इसे और प्रभावशाली बना रहा है।

## सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व



सनातन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसी तिथि से सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी, जबकि उत्तर भारत में इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और नए कार्यों की शुरुआत करते हैं।

-पंडित कृष्ण दत्त गौड़, ज्योतिषाचार्य



**मेष**

इस राशि के जातकों का सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति मिल सकती हैं। व्यापारियों को भी नए प्रोजेक्ट या साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**कर्क**

कर्क राशि के जातकों के लिए यह नववर्ष परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में शुभ संकेत दे सकता है। जमीन या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि भावनात्मक फैसलों से बचना और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। हालांकि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**तुला**

तुला राशि के जातकों के लिए साझेदारी और व्यापार के मामलों में यह वर्ष अनुकूल रह सकता है। व्यापार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी।



**मकर**

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण हो सकता है। परिवार में शुभ कार्य होने के योग बन सकते हैं। करियर में स्थिरता आएगी और मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। हालांकि काम का दबाव भी बढ़ सकता है। इससे शुरूआत में कुछ परेशानी हो सकती है।



**वृषभ**

वृषभ राशि के लोगों के लिए यह नववर्ष आर्थिक दृष्टि से अनुकूल सिद्ध हो सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। हालांकि खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए बजट का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।



**सिंह**

इस राशि के लोगों के लिए भाग्य का साथ मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आ सकती है। व्यापारियों को भी लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है।



**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन सकते हैं। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत और लगन से किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी।



**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में प्रगति के योग बन सकते हैं। हालांकि सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे।




**मिथुन**

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष करियर और शिक्षा के लिहाज से अच्छा साबित होगा। नौकरी में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।



**कन्या**

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा।



**धनु**

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष शिक्षा, ज्ञान और करियर के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत हो सकती है।



**मीन**

मीन राशि के लोगों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप से मजबूत साबित हो सकता है। आय में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां और अवसर मिल सकते हैं। नौकरी उन्नति के योग हैं। परिवार में सुखद वातावरण बना रह सकता है।

# सेहत




## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. एस.पी. राय
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

## संभव है टीबी से बचाव-उपचार



हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।




**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।

**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।



**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### टीबी पेशेंट्स की डाइट

**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।

## क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

### प्रिकॉशन

डॉ. माजिद अलीम

वजह चाहे आपकी जॉब हो या इनएक्टिव रहने की हैबिट, अगर आप अकसर घंटों बैठे रहते हैं तो इसका आपकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। लॉन्ग सिटिंग से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के लिए क्या सावधानियां बरत सकते हैं, जानिए।

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।

**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**बढ़ रही निष्क्रिय जीवनशैलीः** क्या आपको पता है कि भारत में 25 प्रतिशत वयस्क प्रतिदिन 8 घंटे से भी ज्यादा लगातार बैठकर काम करते हैं और इस दौरान वो 20 मिनट से भी कम का ब्रेक लेते हैं। कमोवेश कॉरपोरेट जगत में ही नहीं बल्कि सेलिब्रिटीज और सामान्य लोगों का लाइफस्टाइल भी इस तरह का ही होता जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### दृष्टि का न होना जीवन की राह में बाधा नहीं है : सूरा

**नारनौल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा ने नेत्रहीन कन्या विद्यालय व संतोष मेमोरियल दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा की पत्नी शीनू सूरा व उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने नेत्रहीन कन्या विद्यालय के दौरा के दौरान छात्राओं का हाल चाल जाना और विद्यालय की शैक्षणिक व तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दृष्टि का न होना जीवन की राह में बाधा नहीं है।

### नीता प्रदेश उपाध्यक्ष व रितु सचिव नियुक्त

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामाजिक कार्यकर्ता नीता गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष व रितु बंसल को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। समाज के लोगों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। ये नियुक्तियां समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा से महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्षा सुशीला सर्राफ के नेतृत्व में की गई है। इस अवसर पर नीता गुप्ता व रितु बंसल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### डीआईजी और एसपी ने बढ़ाया हौसला

# उत्कृष्ट कार्य व कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिसकर्मी सम्मानित

**सम्मानित होने वालों में सीआईए महेंद्रगढ़ के इंस्पेक्टर नरेश व उनकी टीम शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने जिले के विभिन्न पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन पुलिसकर्मियों को दिया गया है, जिन्होंने हाल के दिनों में गंभीर अपराधों को सुलझाने, अपराधियों की गिरफ्तारी व जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सम्मानित होने वालों में सीआईए महेंद्रगढ़ के इंस्पेक्टर नरेश व उनकी टीम शामिल है। जिन्होंने डकैती की योजना को विफल करने के लिए गुप्त सूचनाएं जुटाकर आरोपितों को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार सीआईए नारनौल की टीम को हत्या के प्रयास के आरोपितों को पकड़ने और आर्थिक अपराध जांच शाखा की टीम को



**नारनौल।** पुलिसकर्मी को सम्मानित करते डीआईजी सुरेंद्रपाल सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

#### 48 सीसीटीवी कैमरे लगवाने की पहल की सराहना

धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से थाना सिटी महेंद्रगढ़ में आम जनता के सहयोग से 48 सीसीटीवी कैमरे लगवाने की पहल की सराहना की, इसके लिए थाना प्रभारी एसआई पवन को सम्मानित किया गया।

#### अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर रही पुलिस

इसके अतिरिक्त पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में त्वरित गिरफ्तारी करने वाली सतनाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार व एक 15 वर्षीय लापता किशोर को सकुशल बरामद करने वाले नांगल चौधरी थाने के पीएसआई हरीश को भी सम्मानित किया गया। निजामपुर थाना प्रबंधक पीएसआई रवि को गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं थाना सदर पुलिस की ओर से लूटे गए ट्रक की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी एसआई धर्मबीर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीआईजी सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने से पूरे विभाग का मनोबल बढ़ता है और अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर सेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने स्पष्ट किया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।



**नारनौल।** बैठक लेते डीआईजी सुरेंद्र पाल सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### जघन्य अपराधों व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

# डीआईजी का नारनौल दौरा, कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह के नारनौल पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने स्वागत किया। इस अवसर पर सलामी गार्द ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात डीआईजी सुरेंद्र पाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग की अध्यक्षता की। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, बैशाख बागी आईपीएस, डीएसपी भारत भूषण, डीएसपी दिनेश कुमार सहित सभी थाना प्रभारी व सीआईए इंचार्ज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मीटिंग की कार्रवाई परिचय सत्र के साथ शुरू हुई। जिसके बाद डीआईजी ने जिले की कानून व्यवस्था का गहन विश्लेषण किया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से उनके संबंधित क्षेत्रों में अपराध की प्रकृति और वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। बैठक के दौरान इस वर्ष अब तक दर्ज हुए जघन्य अपराधों के मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के उद्देश्य से जिले में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली व उनकी पहुंच की भी समीक्षा की गई।

**पुलिस कार्यों और उपलब्धियों पर संतोष जताया**

नशीले पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए डीआईजी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत और अधिक कड़ी तथा प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ पुलिस को और अधिक आक्रामक रूख अपनाना होगा। हालांकि उन्होंने अब तक किए गए पुलिस कार्यों और उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन साथ ही यह भी प्रेरित किया कि पुलिस में हमेशा सुधार की गुंजाइश बनी रहती है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया, ताकि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो सकें।

# आकाश एकेडमी के 14 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन

- चयनित विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आकाश एकेडमी के 14 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय समिति द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। संस्थान निदेशक देवेंद्र बैरावास ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। चयनित विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। विकास रामलवास ने कहा कि नवोदय विद्यालय में



**महेंद्रगढ़।** खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

चयनित होना छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ समग्र विकास के अवसर मिलते हैं। इस उपलब्धि पर संस्थान में खुशी का माहौल है। अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बबीता यादव ने कहा कि वे भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करें।

#### 18 बच्चे सैनिक स्कूल में मेडिकल के रूप में बुलाए गए

मास्टर खुशीराम ने बताया कि साधारण सी अकादमी में लगभग सभी 90 प्रतिशत बच्चों का सिलेक्शन होना, इस बात को प्रमाणित करता है कि यहां के अध्यापक व बच्चों ने मिलकर के बहुत मेहनत की और जिसके कारण खास परिणाम रहा। पीछे जारी परिणाम में 18 बच्चे सैनिक स्कूल में मेडिकल के रूप में बुलाए गए। 14 बच्चे नवोदय स्कूल के फाइनल लिस्ट में सेलेक्ट हो चुके हैं। विद्यार्थी गौरव, दामिनी उत्तर प्रदेश, देवराज उत्तर प्रदेश, शुभम गुड़गांव, वीर मेहता नारनौल, रिधि मेघनवास, राघव सीहमा, हेमंत जोनावास, यतीक जोनावास, यशिका जोनावास, कुंज दिल्ली, कुणाल हिसार, कार्तिक, ध्रुव, हिमांक महेंद्रगढ़ व दो बच्चे राई स्पोर्ट्स स्कूल में फिजिकल पास करके सिलेक्शन के लिए तैयार हो गए हैं। ऐसा सकारात्मक परिणाम शायद ही आपकों देखने को मिले। राष्ट्रीय स्तर की बात करें तो आकाश एकेडमी ने 90 प्रतिशत बच्चों का सलेक्शन करने की कौशिश की है। इसके लिए बच्चे, अभिभावक, अध्यापक व पूरी एकेडमी बधाई की पात्र हैं। इस मौके पर बालमुकदं गुप्ता, विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, मास्टर खुशीराम, बबीता यादव, ज्योति शर्मा, मंजीता, कंचन यादव, मनोज कुमार, जसवंत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रताप सिंह व मंगल सिंह उपस्थित रहे।

# सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में हुई विज्ञान संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता एवं आधुनिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने विभिन्न समसामयिक व महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, महिला सशक्तिकरण, सोशल मीडिया और उसका प्रभाव, पर्यावरण संरक्षण,



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा। *फोटो : हरिभूमि*

डिजिटल इंडिया तथा जलवायु परिवर्तन जैसे विषय प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतीकरण में चार्ट, मॉडल और प्रभावशाली भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान प्रवक्ता सुदर्शन लांबा व अविका यादव, रसायन विज्ञान प्रवक्ता दीपेश गुप्ता तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता हरिओम व हेमंत कुमार के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# डॉ. वर्षा चौहान को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विदेश से एमबीबीएस डिग्री प्राप्त कर अपने गांव लौटी डॉ. वर्षा चौहान को प्रतिष्ठित शिक्षाविद् पुष्पा देवी मैमोरियल एकस्ट्रा आर्डिनरी अचीवमेंट अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। गांव गुजरवास में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि व अवार्ड कमेटी के चेयरमैन अतरलाल एडवोकेट ने वर्षा चौहान को पगड़ी पहनाकर, प्रशस्ति पत्र तथा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्षता श्रीराम सेवा ट्रस्ट की संरक्षक बिमला देवी अग्रवाल ने की।

अतरलाल ने कहा कि वर्षा चौहान ने विदेश से एमबीबीएस कर भारत में चिकित्सकीय प्रैक्टिस के लिए जरूरी विदेशी चिकित्सा ग्रेजुएट



**नारनौल।** वर्षा चौहान को सम्मानित करते मुख्य अतिथि अतरलाल व अन्य।

परीक्षा एफएचजीई पास करके अपने परिवार, समाज, इलाका व पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। उनकी प्रेरणादायक उपलब्धि को देखकर ही उनको वर्ष 2026 के लिए प्रतिष्ठित शिक्षाविद् पुष्पा देवी मैमोरियल एकस्ट्रा आर्डिनरी अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बिमला अग्रवाल ने कहा कि पूरा समाज व इलाका वर्षा चौहान की शानदार उपलब्धि पर गौरवान्वित है। राजेन्द्र वर्मा, नरपत कमांडो, अशोक सिंह खोड़, जितेन्द्र कटकई ने वर्षा चौहान को युवाओं का रोल मॉडल बताते हुए उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर वर्षा चौहान के पिता औमप्रकाश चौहान को पगड़ी पहनाकर व माता बाला देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य वेदपाल यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में रिबन काटकर किया।

प्रथम दिन स्पोर्ट्स मीट में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 10 से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में कबड्डी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले दौड़ व रस्साकशी शामिल रही। प्राचार्य वेदपाल यादव ने कहा कि




**नारनौल।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

छात्र जीवन में शिक्षा जितनी आवश्यक है, उतना ही महत्व खेलों का भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्राइमरी हेड उमा यादव ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव, उपप्राचार्य संदीप खैरवाल, चारों हाउस के हाउस इंचार्ज समेत समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

### यदुवंशी के विद्यार्थियों ने किया माधोगढ़ घाटी का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज की ओर से भूगोल विषय के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक फील्ड सर्वे का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने माधोगढ़ घाटी का शैक्षणिक अध्ययन किया। इस फील्ड विजिट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त से सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में समझने व प्राकृतिक भू आकृतियों का प्रत्यक्ष अध्ययन करने का अवसर प्रदान करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने घाटी की भौगोलिक स्वरूप स्थलाकृति मिट्टी के प्रकार वनस्पति, जल स्रोत तथा पर्यावरणीय परिस्थितियों का गहन अध्ययन किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न उपकरणों की सहायता से डाटा इकट्ठा किया।

### एआईटी में कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** कनीना एआईटी अध्यक्ष अधिवक्ता विनय प्रकाश के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह विशेष व्याख्यान कनीना सिविल अस्पताल से डॉ. नेहा व काउंसलर डॉ. रणधीर सिंह ने दिया। एआईटी कॉलेज के छात्रों साथ-साथ कर्मचारी रामभगत, प्रियंका यादव, संजीत, विजयवीर, नवनीत, मंजीत, प्रीति, जतिन, रनतेज, निशु व्याख्यान में उपस्थित थे। वक्ताओं ने एड्स के कारणों और रोकथाम पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को एचआईवी परीक्षण के लिए खुले दिमाग से सोचने के लिए भी प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया।

### विद्या भारती की मानवी का नवोदय स्कूल में चयन

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर की छात्रा मानवी यादव पुत्री सुशील यादव बसीरपुर ने नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा में आठवीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव मानवी को बधाई देते हुए कहा कि स्कूल की ओर से सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल व नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की अलग से कक्षाएं लगाई जाती है। जिसके परिणामस्वरूप बच्चों का चयन होता है। वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य अजीत सिंह, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने परिणाम के लिए छात्रों व अध्यापकों के कठिन परिश्रम की सराहना की।

### राजवंशी के दो छात्रों का नवोदय स्कूल में चयन

**नारनौल।** राजवंशी स्कूल दौचाना के दो छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हुआ है। इनमें कक्षा छठी के लिए राशि पुत्री सुदेश गांव बलाहा कलां, तनीष पुत्र मुकेश कुमार गांव गोरीर शामिल हैं। निदेशक दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यालय के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। इसके पूर्व भी विद्यालय के नौ विद्यार्थियों का चयन सैनिक स्कूल में हुआ है। पिछले वर्ष भी राजवंशी विद्यालय ने पांच बच्चें नवोदय विद्यालय, 12 बच्चें सैनिक स्कूल में चयनित हुए थे। यह विद्यालय परिवार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मौके पर प्राचार्य दिनेश कुमार ने चयनित विद्यार्थियो को सम्मानित किया।

### कर्मवीर बौद्ध के राज्यसभा सांसद बनने पर जताई खुशी

**नारनौल।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारिणी ने जिला अध्यक्ष तोताराम कोली व प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल फांड़न के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर बैठक हुई। जिसमें कर्मवीर सिंह बौद्ध के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई तथा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर उपप्रधान रामसिंह जोया, शेरसिंह साहब, जसवंत भाटी, शिवनारायण मोरवाल, विजय महायच, महावीर प्रसाद, विकाश, राजेश चांवरिया, अमितराज, अभिनव चौधरी, गानीराम मास्टर, सिद्धार्थ, गुलाब सिंह, राजू, गोविंद दायमा, राजेश, केदारनाथ, केवल, संदीप मेहरा आदि मौजूद थे।

### जिला परिषद सभागार में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को किया प्रशिक्षित

# पुनर्चक्रण दिवस के रूप में मनाया जल महोत्सव पखवाड़ा

**धरती पर जल अधिक लेकिन पेयजल सीमित, इसे बचाना आवश्यकः मंगतुराम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला परिषद सभागार में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के साथ जिला सलाहकार मंगतुराम



**नारनौल।** सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते अधिकारी।

सरसवा की अध्यक्षता में पुनर्चक्रण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सिलारपुर मेहता, कारोता, डोहर खुर्द, गहली, बास किरारोड उमराबाद, अमरपुर जोरासी, बलाहा कलां, नांगल दर्गू व भूषण खुर्द ग्राम पंचायतों के ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों ने भाग लिया।

#### जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं पर दी जानकारी

बीआरसी अशोक कुमार ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के उद्देश्यों, कार्यों व उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति गांव में पेयजल से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित कर सकती है, बशर्ते वह सक्रिय रूप से कार्य करें। बीआरसी इंद्रजीत ने जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की। जिला प्रयोगशाला से सहायक विकास ने पेयजल गुणवत्ता जांच की विधि समझाई व ग्राम पंचायतों से वर्ष में दो बार मानसून से पहले व बाद में नलकूपों के जल की रासायनिक जांच करवाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने कहा कि जल महोत्सव गांव का उत्सव है, जिसे जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक को मनाना चाहिए। यह पखवाड़ा 22 मार्च तक मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से आह्वान किया कि वे 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें, क्योंकि जल बनाया नहीं जा सकता, केवल बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेयजल के संदर्भ में कम उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की अवधारणा को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सीमित जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि जल और पेयजल में अंतर समझना जरूरी है, धरती पर जल की मात्रा अधिक है, लेकिन पीने योग्य जल बहुत सीमित है। इसलिए इसकी गुणवत्ता और संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। कार्यक्रम का संचालन बीआरसी मोहित कुमार ने किया। इस मौके पर बीआरसी धर्मेंद्र, नीशू, पूजा रानी, विक्रम सिंह, अशोक कुमार, अनीता, इंद्रजीत आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### शांतिपूर्वक हुआ बार काउंसिल मतदान

**कनीना।** पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल चुनाव के दृष्टिगत बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह नौ बजे मतदान शुरू हुआ। बार एसोसिएशन रूम में बनाए गए 145 मतों वाले मतदान केंद्र 64 में दोपहर तक 50 फीसदी मतदान हुआ। जहां पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में पीओ राकेश कुमार, हनुमान सिंह, महेंद्र सिंह, एपीओ ओमप्रकाश, बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव का सहयोग रहा।

### घर में घुसकर बदमाशों ने महिला से की लूटपाट

**महेंद्रगढ़।** गांव धोली में 16 मार्च की रात घर में घुसकर दो अज्ञात बदमाशों ने कमलेश देवी पत्नी रोहतास से लूटपाट की। बदमाशों ने चाकू दिखाकर महिला के सोने-चांदी के गहने छीन लिए गए। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। जाते समय उन्होंने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रबी फसल खरीद को लेकर तैयारियां शुरू

**कनीना।** अनाज मंडी में 28 मार्च से शुरू होने वाली सरसों की खरीद को लेकर मार्केट कमेटी की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हाल ही में डीएमईओ, जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी जगजीत कादयान की ओर से व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर जरूरी विषयों पर मंथन किया गया था। आढ़तियों ने रबी फसल खरीद को लेकर इलेक्ट्रिक धर्मकांटा सहित बिजली, पेयजल व विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

# बूंदाबांदी ने बढ़ाई किसानों के दिल की धड़कनें, मौसम विभाग ने जताई हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

**21 मार्च के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ चलेगी हवा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्र में बुधवार सायं को मौसम में आए बदलाव ने किसानों की दिल की धड़कनें बढ़ा दी। वहीं मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 19 से 21 मार्च को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। जिसका असर सायं को दिखाई दिया। जिसके चलते आसमान में बादल छाए रहे तथा हल्की बूंदाबांदी हुई। बता दें कि नया मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से दक्षिणी पंजाब व उत्तरी राजस्थान पर चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी पहुंचने से सम्पूर्ण पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी, जबकि मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 19-21 मार्च के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं, अंधड़ तथा कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बिजली गिरने व ओलावृष्टि को नहीं नकारा जा सकता। इस मौसम प्रणाली से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। जिससे दिन व रात्रि तापमान सामान्य से नीचे दर्ज होंगे।

**मौसम में आया बदलाव**



नारनौल। सायं को हुई हल्की बारिश। फोटो: हरिभूमि

**16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी**

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि इस मौसम प्रणाली से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। दिन व रात्रि तापमान सामान्य से नीचे दर्ज होंगे। आमजन मार्च महीने में शीत ऋतु का अहसास होने लगेगा। पंखों कूलरों व एयरकंडीशन बंद करने पड़ेंगे। भारतीय मौसम विभाग ने अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, करनाल, पानीपत जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि शेष 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

**किसान भाइयों को सलाह**

बारिश व अंधड़ आंधी व ओलावृष्टि के दौरान किसान खेतों में जलजमाव न होने दें। अतिरिक्त पानी निकालने के लिए मेड़ काटकर चैनल बनाएं। वर्तमान समय में यदि फसल कटी हुई है, तो उसके उत्पाद को सुरक्षित स्थान पर रखें या तिरपाल से ढक दें। वेयर हाउस में संरक्षित करें। अगर मंडियों में है, तो भी सुरक्षित करें या तिरपाल से ढके। आमजन व किसान भाई ओलावृष्टि के दौरान पेड़ों के नीचे, बिजली के खंभों के पास या कमजोर छप्परों के नीचे बिल्कुल भी शरण न लें। फसलों, सब्जियों व कतार वाली फसलों में मिट्टी चढ़ाएं, ताकि वे गिरे नहीं। वर्तमान में बारिश के पूर्वानुमान के दौरान उर्वरक या कीटनाशकों का छिड़काव न करें, क्योंकि इससे वे धुल जाएंगे। आज व आने वाले दिनों में तेज गति की हवाएं, आंधी अंधड़ चलने पर किसान सिंचाई करने से बचें, क्योंकि इससे फसल के गिरने की संभावना बढ़ जाती है। सोशल मीडिया व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से मौसम विभाग की ओर से अलर्ट को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों को अंजाम दें और सावधानी बरतें।

**जिले में कुल आधारकार्ड 1078289, वर्तमान में 198530 लोगों का डॉक्यूमेंट अपडेट लंबित**

# आधार सेवाओं में पारदर्शिता व सुगमता ही सरकार की प्राथमिकता: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को कैंप कार्यालय में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आधार नामांकन और अपडेशन सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आधार सेवाओं में पारदर्शिता और सुगमता सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में पांच से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के आधार अपडेट की स्थिति बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में पेंडेंसी अधिक है, वहां मिशन मोड में किट लगाकर इस कार्य को जल्द पूरा करें। उन्होंने बताया कि यदि सात और 17 वर्ष की आयु तक आधार अपडेट नहीं होता है, तो आधार कार्ड स्वतः निष्क्रिय हो जाते हैं। उपायुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि केवल अधिकृत केंद्रों को ही आधार संचालन की अनुमति है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आधार केंद्रों का औचक निरीक्षण करें और यदि कोई केंद्र निर्धारित सूची से बाहर चलता पाया जाता है या नागरिकों से अधिक पैसे वसूलता है, तो उसके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

डीसी ने कहा कि शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत एजेंसियां जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट शेयर करेंगे। उपायुक्त ने आधार फर्म के कामकाज की निगरानी करने और मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के कड़े आदेश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि सभी सरकारी अस्पतालों में जन्म पंजीकरण आधारित आधार नामांकन को सक्रिय किया जाए। वर्तमान में बंद पड़ी टैबलेट्स को तुरंत चालू करने और आईपीपीबी के माध्यम से घर घर जाकर छोटे बच्चों के नामांकन में तेजी लाने को कहा।

**डीसी ने ली जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक**



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

**अधिकारियों को निर्देश**

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लघु सचिवालय में कम से कम तीन और प्रत्येक एसडीएम कार्यालय में कम से कम एक आधार किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता को असुविधा न हो। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार तथा जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक के अलावा अन्य अधिकारी दी मौजूद थे।

**सुनहरा अवसर**

उपायुक्त ने जिला वासियों से अपील की है कि जिनका आधार 10 साल पुराना हो चुका है, वे अपने पते व पहचान के दस्तावेज तुरंत अपडेट करवाएं। उन्होंने बताया कि 14 जून 2026 तक ऑनलाइन दस्तावेज अपडेट की सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। जिले में वर्तमान में 198530 लोगों का डॉक्यूमेंट अपडेट लंबित है, जिसे क्लियर करने के लिए जल्द ही गांवों व वार्डों में कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले की कुल आधार संख्या 1078289 है। इनमें 18 वर्ष से अधिक आयु के 825730, पांच से 18 वर्ष के 203101 व 0.5 वर्ष के 49458 नागरिक शामिल हैं।



नारनौल। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ छापेमारी करती टीम।

# सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित चालान काट वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश सरकार की पर्यावरण संरक्षण नीति के तहत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने जेईई योगेश कुमार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों में औचक छापेमारी की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान काटकर जुर्माना वसूला गया।

इस कार्रवाई के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक सामग्री का उपयोग करने वालों पर सख्ती बरतते हुए मौके पर एक-एक हजार रुपये के दो चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। छापेमारी के साथ विभाग ने जन जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया।

क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता बैनर लगाए गए हैं, ताकि आम जनता को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले गंभीर पर्यावरणीय नुकसान व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके प्रतिकूल प्रभावों के प्रति सचेत किया जा सके। अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों व व्यापारियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि वे भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत हानिकारक है।

# नवरात्रों पर मीट की दुकानें बंद करवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर अटेली कस्बे में मीट की दुकानों को बंद करवाने की मांग को लेकर बजरंग दल के सदस्यों ने बुधवार को अटेली पुलिस को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी नवरात्रों के दौरान कस्बे व आसपास के गांवों में मीट की दुकानें बंद रखी जानी चाहिए, ताकि धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे। ज्ञापन में बताया कि नवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र और आस्था से जुड़ा पर्व है। जिसमें अधिकांश श्रद्धालु व्रत रखते हैं और सात्विक जीवनशैली अपनाते हैं। ऐसे में जीव हत्या से परहेज करना भी परंपरा का हिस्सा माना जाता है।

बजरंग दल सदस्यों ने कहा कि इसी भावना को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों से नौ दिनों तक स्वेच्छा दुकानें बंद रखने का आग्रह किया गया है। संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करवाया जाए। इससे क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा और धार्मिक आस्थाओं का सम्मान भी सुनिश्चित होगा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी के रोजगार को प्रभावित करना नहीं, बल्कि सामाजिक व धार्मिक भावनाओं का सम्मान बनाए रखना है।



मंडी अटेली। मीट की दुकानें बंद करवाने के लिए ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सवितराज बजरंग दल, बिट्टू लांबा, विक्रम, हेमंत, कपिल बिहाली, मुन्ना नांगल, अजित गुजरवास, नरेश, डॉ. राहुल, दीपक पूनिया, ललित, सुमित, कुलदीप, नवीन, रोहित, आशीष, अरूण आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। प्रो. मोना शर्मा कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के साथ। फोटो: हरिभूमि

## हकेवि की प्रो. मोना शर्मा को वुमन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग की प्रो. मोना शर्मा को राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी नई दिल्ली की ओर से वुमन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पर्यावरणीय अनुसंधान, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा सतत विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रो. मोना शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और यह संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर पर्यावरण अध्ययन विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता सिंह ने भी प्रो. शर्मा को बधाई देते हुए उनके समर्पण, नवाचारी शोध कार्यों और विभाग की शैक्षणिक व अनुसंधान गतिविधियों को सशक्त बनाने में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की।

# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक

**विधायकों व मंत्रियों को दिए समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र**

- रोहतक के रोडवेज भवन मे रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की महत्वपूर्ण बैठक 4 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की हाई पावर कमेटी की बैठक यादव धर्मशाला में हुई। इस बैठक में प्रांतीय प्रधान बाबूलाल यादव ने बताया कि हमारा संगठन कर्मचारियों की मांगों को लेकर काफी समय से सक्रिय है और सभी विधायकों और मंत्रियों को कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र भी दिए थे। उसके बाद सरकार ने इस बजट सत्र के अंदर कर्मचारियों की मिलने वाली लीव ट्रैवल कंसेशन सुविधा में किया गया बदलाव कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। पहले कार्यरत कर्मचारियों व रिटायर्ड कर्मचारियों को एक माह के वेतन के रूप में दी जाने वाली सुविधा में बदलाव करना कर्मचारी विरोधी फैसला है। संगठन इस फैसले का विरोध करता है। जनप्रतिनिधि अपने वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी करते समय एकजुट दिखाई देते है, जबकि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है, जबकि सरकार को चलाने में कर्मचारी रीढ़ की हड्डी का कार्य करता है। सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है और मुख्य संगठन सचिव महेंद्र यादव भगड़ाना ने बताया कि सरकार इस फैसले को तुरंत वापस ले और अगर वापस नहीं लिया गया तो हमारा संगठन आने वाली चार अप्रैल को रोहतक के रोडवेज भवन मे रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक करेगा और आने वाले समय में एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा बनाएगा। इस मौके पर महासचिव रणबीर शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान प्रेम सिंह बेरथली, प्रधान पहल सिंह तंवर, मुख्य सलाहकार जयपाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जयप्रकाश, सहसचिव अशोक उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। यादव बैठक करते रिटायर्ड कर्मचारी।

**सीएलपी लीडर चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने क्लीन चिट देकर विधायकों का धरना कराया खत्म**

# राज्यसभा के कैंसिल वोट में नाम वायरल होने से आहत विधायक मंजू धरने पर बैठी

**पार्टी हाईकमान की ओर से जल्द सूची को सार्वजनिक करने का दिया भरोसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

प्रदेश की दो सीटों पर चुनावी प्रक्रिया संपन्न हो चुकी तथा परिणाम में एक सीट सत्तासीन भाजपा व एक सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विजेता रहा है, लेकिन परिणाम के बाद कांग्रेस में क्रॉस व कैंसिल वोटों पर विवाद खड़ा हो गया। बीती देर रात सोशल मीडिया में वायरल पोस्ट में नांगल चौधरी की विधायक के वोट को कैंसिल सूची में दर्शाया गया है। जिससे आहत कांग्रेस की विधायक मंजू चौधरी अन्य दो विधायकों के साथ पार्टी मुख्यालय में धरने पर बैठी हैं। सीएलपी लीडर पूर्व विधायक ने धरने पर बैठे विधायकों के वोट पार्टी प्रत्याशी को मिलने की पुष्टि करके धरना समाप्त करवा दिया। उन्होंने क्रॉस व कैंसिल वोटों की सूची जल्द जारी करने का आश्वासन दिया है।

विधायक मंजू चौधरी ने बताया कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने नैतिकता खो दी तथा धनबल की मदद से पारदर्शिता को खंडित करने का काम किया है। कांग्रेस विधायकों को विभिन्न प्रलोभन देकर वोट खरीदने के प्रयास किए हैं, लेकिन निष्ठावान विधायकों ने भाजपा हाईकमान के मनसूबों पर पानी फेर दिया। विभिन्न हथकंड़े अपनाने के बावजूद समर्थित उम्मीदवार को पराजय झेलनी पड़ी है। जिससे बौखलाई भाजपा ने कांग्रेस को तोड़ने के प्रयास आरंभ कर दिए। बीती देर रात कुछ निजी चैनल व सोशल मीडिया में विधायक गोकुल सेतिया, मंजू चौधरी समेत चार वोटों को कैंसिल सूची में दर्शाकर बदनामी फैलाई है।




नांगल चौधरी। चंडीगढ़ मुखियालय में धरने पर बैठी नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी।

**कांग्रेस की सच्ची सिपाही हूं, गद्दारी करना संस्कारों में नहीं**

विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि राज्यसभा की वोटिंग के दौरान रातभर विधानसभा परिसर में रही हैं। भाजपा ने औछे हथकंडे अपनाकर दूषित राजनीति का परिचय दिया है। इसके बावजूद कांग्रेस के प्रत्याशी ने जीत हासिल करके करारा जवाब दिया है। सोशल मीडिया में प्रचारित कैंसिल वोटों की सूची शत प्रतिशत गलत है। मेरा वोट न, तो कैंसिल सूची में है और न ही क्रॉस हुआ है।

**दगाबाजों की सूची हाईकमान को भेजी, जल्द होगी कार्रवाई**

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि क्रॉस वोटिंग करने वाले सभी कांग्रेसी उम्मीदवारों की सूची पार्टी हाईकमान को भेज दी है। जिनके खिलाफ जल्द ही अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि धरने पर बैठे विधायक गोकुल सेतिया, मंजू चौधरी विधायक नांगल चौधरी समेत तीनों विधायकों की वोट कांग्रेस उम्मीदवार को मिली हैं। पार्टी की तरफ से इन्हें क्लीन चिट दे दी गई है।

## नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका की ओर से शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और बाजारों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व नायब तहसीलदार एकता ने किया, जिन्होंने मौके पर खड़े होकर अवैध कब्जों को हटवाया। नगर पालिका की टीम ने शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों, जिनमें शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, शंकर मार्केट और विश्वकर्मा चौक शामिल हैं, वहां से सड़क किनारे रखे सामान और अवैध रेहड़ी-फड़ियों को हटवाया। अभियान के दौरान पुलिस बल और नपा कर्मचारी मौजूद रहे, जिससे अतिक्रमणकर्ताओं में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान नायब तहसीलदार एकता ने दुकानदारों और अतिक्रमणकर्ताओं को सख्त लहजे में समझाया कि सड़क सीमा में सामान रखने से बाजारों में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। अतिक्रमण के कारण न केवल आम जनता को परेशानी होती है, बल्कि जाम लगने से ग्राहकों का बाजारों में आना कम हो जाता है, जिससे अंततः व्यापारियों का अपना व्यापार भी प्रभावित होता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल एक दिन के लिए नहीं है। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में दोबारा सड़क पर सामान या अवैध निर्माण पाया गया, तो बिना किसी पूर्व सूचना के सामान जब्त कर लिया जाएगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारी जुर्माना व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अभियान के दौरान नगर पालिका के जेई नवदीप कुमार, क्लर्क शिव कुमार, सतीश, अंदीप, दरोगा राजेंद्र सिंह, दरोगा सुमित उर्फ रिंकू आदि उपस्थित रहे।



## एनसीसी कमांडेंट बता पेट्रोल पंप संचालक से ठगे 25170 रुपये

**महेंद्रगढ़।** जिले में साइबर ठगों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामले में ठगों ने खुद को एनसीसी कमांडेंट बताकर एक पेट्रोल पंप संचालक को अपना शिकार बनाया और झांसे में लेकर 25170 की चपत लगा दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिवासा निवासी धर्मेंद्र पुत्र जयचंद, जो जेरपुर कुराहवटा रोड पर बाबा खेतानाथ फिलिंग स्टेशन चलाते हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मार्च को उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एनसीसी कमांडेंट संदीप रावत बताया। ठग ने कहा कि जल्द ही एक कैंप लगने वाला है, जिसके लिए रोजाना 600 लीटर डीजल की जरूरत होगी। कुछ घंटों बाद आरोपित ने दोबारा फोन किया और डीजल की पेमेंट डालने के नाम पर धर्मेंद्र से बैंक डिटेल ले ली। इसके बाद आरोपित ने धर्मेंद्र के मोबाइल पर 50000 व 27966 के दो फर्जी टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिससे ऐसा लगे कि पैसे खाते में आ गए हैं। गलती से ज्यादा पैसे आने का दिया झांसा मैसेज भेजने के तुरंत बाद ठग ने कॉल किया और कहा कि गलती से 25170 ज्यादा डल गए हैं, जिन्हें तुरंत वापस लौटा दिया जाए। धर्मेंद्र ने मैसेज पर भरोसा करते हुए बताए गए नंबर पर 25170 ट्रांसफर कर दिए। जब बाद में उन्होंने अपना बैंक अकाउंट चेक किया तो पता चला कि खाते में कोई पैसा नहीं आया था और उन्हें फर्जी मैसेज भेजकर ठगा गया है। धर्मेंद्र ने बताया कि ठगी का अहसास होने पर जब उन्होंने वापस संपर्क करने की कोशिश की, तो आरोपित का फोन बंद मिला। पीड़ित ने थाना में उपस्थित होकर लिखित शिकायत दी है, जिस पर साइबर के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मोबाइल नंबरों व ट्रांजेक्शन डिटेल के आधार पर जांच में जुट गई है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामल दर्ज कर लिया हैं।